Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Limited
CIN No. : U85100BR2010SGC015886

BMSICL
(A Govt. of Bihar undertaking)

पत्रांकः– BMSIC/80015/42-2016/5736 दिनांकः–16 / 10 / 2020

प्रेषक,

विकाश कुमार झा
उप महाप्रबंधक (परियोजना)

सेवामें,

मे0 सत्यम बिल्डर्स,
बाघदुल्हन, हाजीपुर
वैशाली, बिहार, पिन–844101।

विषयः– माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के सात निश्चय कार्यक्रम के अंतर्गत श्रीकृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर में बी0एस0सी0 नर्सिंग कॉलेज एवं हॉस्टल के भवन निर्माण कार्य के धीमी प्रगति के कारण डिबार करने के संबंध में।

प्रसंगः– इस कार्यालय का पत्रांक BMSIC/80015/42–2016/1903 दिनांक–30.08.2017, 2478 दिनांक–09.10.2017, 3306 दिनांक– 04.12.2017, 5196 दिनांक–30.03.2018, 167 दिनांक–12.04.2018, 2890 दिनांक–26.09.2018, 5097 दिनांक–28.11.2019, 5288 दिनांक–28.09.2020

पर्यवेक्षण परामर्शी Dynamic Project Pvt.Ltd का पत्रांक DPPL/BMSICL/PMC–710A दिनांक–16.09.2020

महाशय,

उपरोक्त विषय एवं प्रासंगिक पत्र का कृपया संदर्भ किया जाय। प्रसांगिक पत्रांकः–BMSIC/80015/42-2016/5097 दिनांकः–28.11.2019 के माध्यम से निर्माण स्थल पर अधिकाधिक संख्या में मानव बल की व्यवस्था कर निर्माण कार्य में तीव्र गति लाने हेतु निदेशित किया गया था, अन्यथा SBD के सुसंगत कंडिकाओं के अन्तर्गत कार्रवाई की जायेगी। दूरभाष के माध्यम से विषयांकित परियोजना की प्रगति धीमी रहने के कारण प्रगति का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु निदेशित किया गया था, फिर भी आपके द्वारा परियोजना में प्रगति लाने की दिशा में कोई समुचित प्रयास नहीं किया गया।

पर्यवेक्षण परामर्शी के प्रसंगिक पत्र द्वारा समर्पित सुचना के आलोक में दिनांक 28.09.2020 को निगम के पत्रांकः–BMSIC/80015/42-2016/5288 के द्वारा मात्र 75% कार्य पूर्ण होने की सुचना देते हुये आपसे अधिक कार्यबल लगाकर कार्य तीव्रता से पुर्ण कराने के साथ ही स्पष्टीकरण की माँग की गई, परंतु आपके द्वारा जो स्पष्टीकरण समर्पित किया गया वह संतोषजनक एवं स्वीकार योग्य नहीं है और न हीं कार्य में प्रगति लाते हुए परियोजना पूर्ण करने के लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कार्यादेश में प्रावधानित कार्यपूर्णता की तिथि समाप्त हो जाने के पश्चात् भी अभी तक आपके द्वारा लगभग 85% मात्र हीं कार्य पूर्ण कराया गया है, जिससे स्पष्ट है कि आपके द्वारा जानबुझकर परियोजना पूर्ण करने की दिशा में लापरवाही बरती गई है, जिसके कारण सरकार के इस अतिमहत्वाकांक्षी परियोजना का निर्माण ससमय पूर्ण नहीं कराया जा सका है।

अतः उपरोक्त विषयांकित कार्य में बरती गई लापरवाही के कारण बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 के कंडिका 11 (क) (ii) में वर्णित प्रावधानों के तहत आपके फर्म (निबंधन संख्या–प्रथम 9/2016–17(व्यक्तिगत) बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम) को कार्य पूर्ण होने तक निलंबित की अनुशंसा करते हुए किसी भी निविदा में भाग लेने से डिबार किया जाता है।

उपरोक्त पर प्रबंध निदेशक महोदय का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

Vikash Kr. Jha
16/10/2020

उप महाप्रबंधक (परियोजना)

ज्ञापांकः– BMSIC/80015/42-2016/5736 दिनांकः–16-10-2020

प्रतिलिपिः–सहायक प्रबंधक (परियोजना), बी0एम0एस0आई0सी0एल0, परामर्शी डायनेमिक प्रोजेक्टस प्रा0 लि0, कोलकाता को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Vikash Kr. Jha 16/X/2020

उप महाप्रबंधक (परियोजना)

ज्ञापांकः– BMSIC/80015/42-2016/5736 दिनांकः–16-10-2020

प्रतिलिपिः–श्री मोहित कुमार, प्रबंधक (सिस्टम), बी0एम0एस0आई0सी0एल0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि उपरोक्त के आलोक में पत्र को बी0एम0एस0आई0सी0एल0 के बेवसाइट पर संवेदक के डिबार लिस्ट में प्रकाशित किया जाए।

Vikash Kr. Jha 16/X/2020

उप महाप्रबंधक (परियोजना)

ज्ञापांकः– BMSIC/80015/42-2016/5736 दिनांकः–16-10-2020

प्रतिलिपिः–प्राचार्य/अधीक्षक, श्रीकृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को कृपया सूचनार्थ।

Vikash Kr. Jha 16/X/2020

उप महाप्रबंधक (परियोजना)

ज्ञापांकः– BMSIC/80015/42-2016/5736 दिनांकः–16-10-2020

प्रतिलिपिः–जिलाधिकारी, मुजफ्फरपुर को सादर सूचनार्थ समर्पित।

Vikash Kr. Jha

उप महाप्रबंधक (परियोजना) 16/X/2020

ज्ञापांकः– BMSIC/80015/42-2016/5736 दिनांकः–16-10-2020

प्रतिलिपिः–प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुल निर्माण निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, भवन निर्माण निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, शैक्षणिक आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल, उद्योग भवन, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार औद्योगिक विकास प्राधिकार, प्रथम तल, उद्योग भवन, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार शहरी आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पर्यटन विकास निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य आवास बोर्ड, पटना एवं सभी कार्य विभाग को सादर सूचनार्थ समर्पित।

Vikash Kr. Jha 16/X/2020

उप महाप्रबंधक (परियोजना)

ज्ञापांकः–BMSIC/80015/42-2016/5736 दिनांकः–16-10-2020

प्रतिलिपिः–प्रबंध निदेशक, बी0एम0एस0आई0सी0एल0, पटना के आशुलिपिक को प्रबंध निदेशक महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।

Vikash Kr. Jha 16/X/2020

उप महाप्रबंधक (परियोजना)